**18-22 जनवरी,2021**

**प्राइड, नई दिल्ली द्वारा 18-22 जनवरी, 2021 के दौरान दौरान आयोजित कार्यक्रम 'माननीय संसद सदस्यों हेतु प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा प्रस्तुतियाँ' के अवसर पर उद्घाटन भाषण**

---

- आज अपने साथी सांसदों की ओर से भारतीय संसद में आप सबका वर्चुअल माध्यम से स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। आप सभी पद्म पुरस्कार से सम्मानित विशिष्टजन वास्तव में भारत के प्रेरणादायी नागरिक हैं।

- अपने एकनिष्ठ और अथक प्रयासों से आपने समुदाय और समाज के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अपने दृढ़संकल्प से आपने हर प्रकार की कठिनाइयों और बाधाओं को पार किया है। आपकी असाधारण उपलब्धियां और अनुकरणीय सेवा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

- अपने विषयों में आपका उत्कृष्ट ज्ञान है और कार्य का लम्बा अनुभव रहा है। आपसे अनुरोध है कि अपने ज्ञान और विशद अनुभव संसद सदस्यों के साथ साझा करें ताकि उनके ज्ञान में वृद्धि हो, एक नया दृष्टिकोण मिले और वे अपना कार्य और बेहतर तरीके से कर पाएं।

- चर्चा के क्रम में जनहित के विभिन्न विषयों पर चर्चा होती है तथा सदस्यों के विचार हेतु विधेयक प्रस्तुत किये जाते हैं। आपके ज्ञान और अनुभवों से लाभ उठाकर माननीय सदस्यगण इन चर्चाओं में अधिक सार्थक विचार विमर्श कर सकते हैं। इससे लोकतान्त्रिक संस्थाएं और प्रक्रियाएं सशक्त होंगी।

- संसद में जन प्रतिनिधि होने के नाते हम आपकी उपलब्धियों से सीख ले सकते हैं। इसी विचार के साथ प्राइड द्वारा विभिन्न विषयों के एक्सपर्ट्स द्वारा प्रस्तुतियों के इस पाँच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह निश्चय ही देश के निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा।

- आप सभी विशेषज्ञ अपने कार्यों के माध्यम से नि:स्वार्थ जनसेवा का कार्य कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही हमने स्वामी विवेकानन्द जी की जन्मतिथि पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह आयोजित किया था। उसी दिन संसद के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय युवा संसद के फाइनल्स का भी आयोजन किया गया, जिसमे देश के अलग अलग राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से युवा नागरिकों ने भाग लिया।

- स्वामी विवेकानद का जीवन राष्ट्रसेवा, कर्मयोग और अध्यात्म का एक अनुपम उदाहरण है। उनका जीवन ही उनका सन्देश था। युवा शक्ति एवं ऊर्जा का राष्ट्रनिर्माण में उपयोग करने हेतु सरकार विभिन्न स्तरों पर प्रयास कर रही है। संसद सदस्य इस विषय पर भी आपके विचार जानना चाहेंगे।

- समस्त समाज और देश के प्रति सेवा भाव हमारी परंपरा और संस्कृति में अंतर्निहित है जोकि हमारी प्राचीन सभ्यता की देन है।

● बाल्यावस्था से ही हमें सभी से प्रेम करने और सभी की सेवा करने की शिक्षा दी जाती है। आप सभी स्वामीजी की अपेक्षाओं पर खरे उतरे हैं।

● हमारे देश में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों की एक लम्बी परंपरा रही है। वैदिक काल में भारतीय आयुर्विज्ञान के जनक सुश्रुत, महान गणितज्ञ आर्यभट्ट, सीरमण.वी., जगदीश चंद्र बोस, विक्रम साराभाई, होमी जहाँगीर भाभा जैसे वैज्ञानिकों के प्रयासों से वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रगति हुई है।

● स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी, विनोबा भावे जैसे अन्य नेताओं ने असंख्य लोगों को अपने विचारों, समर्पित सेवा और आदर्शों से प्रेरित किया था। इन सभी महानुभावों के कार्यों को आप आगे बढ़ा रहे हैं।

● आपके उदाहरण से हमें यह मार्गदर्शन मिलता है कि जीवन में हम चाहे जिस भी परिस्थिति में हो, हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं बशर्ते हम उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे मन से प्रतिबद्ध हों।

● आप सभी विशिष्टजन हैं और आपके कार्य पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। भिन्न भिन्न विषयों पर आपके द्वारा किया जा रहा कार्य समाज के सभी वर्गों को, विशेषकर वंचित समाज को देश की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। आपके प्रयासों से कतार में आखिरी छोर पर खड़े व्यक्ति का भी सशक्तिकरण हो रहा है। यह देश में लोकतंत्र को सशक्त करने का माध्यम भी है।

● आप अपने क्षेत्रों में आम आदमी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन करने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं। मैं आपके प्रयासों की सराहना करता हूँ।

● पर्यावरणविद श्री हिम्मत राम भाम्बू वर्ष से ग्रीन इंडिया मिशन के लिए महावीर इंटरनेशनल संस्थान 2013, नागौर से जुड़े हुए हैं और इन्होंने नागौर के रेगिस्तानी क्षेत्रों में लाखों पौधे लगाए हैं तथा इन्हें पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए में 1999 यूनेस्को पुरस्कारसहित अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

● अर्थशास्त्र के प्रोफेसर, श्री राधामोहन ने अपनी पुत्री साबरमती जी के साथ मिलकर ओडिशा के नयागढ़ जिले की बंजर जमीनों को हरे भरे जंगलों में तब्दील कर दिया है।

● 'अनार दादा' ने गुजरात के सूखाग्रस्त बनासकांठा जिले को देश के अनार उत्पादन के प्रमुख क्षेत्र में बदल दिया है। मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि सीड मदर के नाम से प्रख्यात श्रीमती राहीबाई सोमा पोपेरे पिछले 20 वर्षों से अपने ग्रामवासियों को खेती की बेहतर तकनीकों के माध्यम से फसलों की पैदावार बढ़ाने के गुण सिखा रही हैं।

● श्री विमल कुमार जैन 21वीं सदी में विकलांग मुक्त बिहार के सपने को साकार करने के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य कर रहे हैं। वह अंगदान को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

● मित्रो, माउंटेन मैन के नाम से लोकप्रिय दिग्गज पर्यावरण एवं वनस्पति विज्ञानी तथा हिमालयन कंजर्वेशन ऑर्गेनाइजेशन एंड इनवायरनमेंटल स्टडीज के संस्थापक, श्री अनिल प्रकाश जोशी ने हिमालयी क्षेत्र में 10,000 से अधिक गांवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

- माननीय सदस्यगण, पद्म पुरस्कार से सम्मानित विशिष्टजन जिन विषयों पर आपके समक्ष प्रस्तुतियां देंगे, वे निरंतर संसद में हमारा ध्यान आकृष्ट करते रहे हैं। हम सभा में ऐसे मामलों पर नियमित रूप से चर्चा और वादविवाद करते रहे हैं।- हमारी संसदीय समितियां इन मामलों की जांच करती रही हैं और समयसमय पर इस संबंध में सिफारिशें भी करती र-ही हैं। संसद भी आवश्यकतानुसार इन पर कानून बनाती रही है।

- सांसद होने के नाते हमें अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास हेतु MPLAD से यानी संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत भारत सरकार द्वारा निधियां आबंटित की जाती है। मुझे आशा है कि आपकी प्रस्तुतियों से हमें कई नवोन्मेषी विचार मिलेंगे और हमें जनता की समस्याओं का निवारण करने में सहायता मिलेगी।

- मेरा दृढ़ विश्वास है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में हमें और आप सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना चाहिए क्योंकि बड़े - बड़े मुद्दों का हल निकालने के लिए लोगों को एकजुट करने की क्षमता हम दोनों में है।

- इस 5-दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, संसद सदस्यों को जनता से जुड़े मुद्दों पर विशिष्टजनों के साथ बातचीत करने का अवसर प्राप्त होगा।

- इन्हीं शब्दों के साथ मुझे इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। मैं आशा करता हूं कि सभी सदस्य इस पहल का बढ़-चढ़कर लाभ उठाएंगे।

- एक बार फिर, मैं आप सभी विशिष्टजनों को इस प्रस्तुति कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद करता हूँ। मैं संसद सदस्यों का भी धन्यवाद करता हूं। जय हिन्द।